Daily
लोकसभा चुनाव - 2024
सच के हक में...
THE PHOTON NEWS
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi • Wednesday, 05 June 2024 • Year : 02 • Issue : 137 • Ranchi Edition • Page : 12 • Price : ₹3 • www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

ये क्या हो गया | NDA को बहुमत BJP को झटका | ठीक है, मगर अभी...

भाजपा 303 से 240, कांग्रेस 52 से 100 तक पहुंची

7 चरणों में 18वीं लोकसभा की मतदान प्रक्रिया एक जून को समाप्त हुई। उसी दिन शाम को तमाम एक्जिट पोल में बीजेपी और एनडीए की बंपर जीत का दावा किया गया, लेकिन 4 जून यानी मंगलवार को एग्जैक्ट पोल के ट्रेंड और नतीजे जब सामने आने लगे तो तस्वीर बिल्कुल अलग दिखाई देने लगी। देर रात तक की काउंटिंग से यह स्पष्ट हो गया कि भाजपा बहुमत के आंकड़े टच नहीं कर सकेगी, मगर एनडीए को पूर्ण बहुमत प्राप्त होता दिखाई पड़ा। चुनाव आयोग की ओर से जारी आंकड़ों पर गौर करें तो अंतिम समय तक भाजपा 240 सीटों पर, जबकि एनडीए 290 सीटों पर बढ़त बनाए हुए था। कांग्रेस 100 सीटों पर आगे थी और 'इंडिया' गठबंधन को 235 सीटों पर बढ़त दिखी। अगर 2019 के लोकसभा चुनाव के रिजल्ट को देखे तो भाजपा 303 से 240 पर लुढ़क गई, जबकि कांग्रेस 52 से 100 पर पहुंच गई। स्पष्ट है कि आगे बनने वाली सरकार में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होगी।



नरेंद्र मोदी वाराणसी लोकसभा सीट से जीते

612970 वोट मिले, कांग्रेस के अजय राय को **152513** वोटों से हराया

राहुल गांधी वायनाड व रायबरेली से जीते

364422 वोटों से वायनाड से और रायबरेली से **390000** वोटों से मिली जीत

झारखंड में एनडीए को 9, 'इंडिया' को 5 सीटों पर जीत

गांडेय विधानसभा उपचुनाव : 26483 वोटों से जीतीं कल्पना सोरेन, बीजेपी के दिलीप वर्मा को हराया

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर वोटों की गिनती खत्म हो गई। खूंटी से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा चुनाव हार गए। कांग्रेस के कालीचरण मुंडा चुनाव जीत गए हैं। हालांकि, झारखंड में 8 सीटों पर बीजेपी, जेएमएम तीन, कांग्रेस दो और आजसू एक सीट पर जीत दर्ज की। कोडरमा से बीजेपी प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी चुनाव जीत गई। वहीं, रांची लोकसभा सीट से संजय सेठ जीत गए। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार और सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय को हराया। गांडेय उपचुनाव में झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने बाजी मारी।

पश्चिम सिंहभूम से जेएमएम प्रत्याशी जोबा मांझी, खूंटी से कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा, लोहरदगा से कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत, पलामू से बीजेपी प्रत्याशी बीडी राम, चतरा से बीजेपी प्रत्याशी कालीचरण सिंह, कोडरमा से बीजेपी प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी, हजारीबाग से बीजेपी प्रत्याशी मनीष जायसवाल, रांची से बीजेपी प्रत्याशी संजय सेठ, गिरिडीह से आजसू प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी, धनबाद से बीजेपी प्रत्याशी ढुल्लू महतो, जमशेदपुर से बीजेपी प्रत्याशी विद्युत वरण महतो, गोड्डा से बीजेपी प्रत्याशी निशिकांत दुबे, दुमका से जेएमएम प्रत्याशी नलिन सोरेन और राजमहल से जेएमएम प्रत्याशी विजय हांसदा चुनाव जीत गए।

वहीं, मतगणना के बीच बोकारो में बवाल हो गया। आईटीआई मोड़ के पास जयराम समर्थ ने हंगामा किया। कई गाड़ियों के शीशे टूटे। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठी चार्ज किया।

कल्पना की जीत ने राज्य को एक नेता दे दिया है। कल्पना झारखंड मुक्ति मोरचा में हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद भी कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाने में सफल रही।

चम्पाई ने जनता को दिया धन्यवाद

लोकसभा चुनाव के परिणाम लगभग साफ हो गये हैं। झारखंड में इंडिया गठबंधन के पांच प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। इसे लेकर मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर राज्य की जनता धन्यवाद किया है। उन्होंने लिखा है कि धन्यवाद झारखंड, मात्र एक सांसद के साथ शुरू हुए इस चुनाव अभियान के बाद आपने इंडी गठबंधन के पांच सांसद एवं एक विधायक चुनकर हम पर जो विश्वास दिखाया है, उसके लिए हम लोग आपके आभारी हैं। मुख्यमंत्री ने लिखा है कि सभी विजयी प्रत्याशियों को बधाई एवं हर एक वोटर को धन्यवाद।

ओडिशा में बीजेपी और आंध्र प्रदेश में टीडीपी की सरकार

ओडिशा में 24 साल से सत्ता में काबिज नवीन पटनायक के हाथ से सत्ता खिसक गई है। भाजपा को 147 में से 78 तो बीजेडी को 51 सीटें मिली। वहीं, आंध्र प्रदेश में एनडीए (भाजपा, टीडीपी और जन सेना पार्टी) की सत्ता में वापसी हुई है। टीडीपी 175 में से 134 सीटें जीती। मौजूदा सीएम जगन मोहन रेड्डी की वाईएसआरसीपी को सिर्फ 12 सीटों पर सिमट गई। आंध्र में 2019 में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के जगन मोहन रेड्डी 175 में से 151 सीटों पर एकतरफा जीत दर्ज की थी। राज्य में भाजपा ने चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देशम पार्टी और एक्टर पवन कल्याण की जन सेना पार्टी के साथ गठबंधन किया है।

त्वरित टिप्पणी

अबकी बार, बस नैया पार

ब्रजेश मिश्र
एग्जीक्यूटिव एडिटर
द फोटोन न्यूज

अबकी बार चार सौ पार के नारे के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चुनावी समर में उतरी भारतीय जनता पार्टी को जबरदस्त झटका लगा है। उसका यह चर्चित नारा तो नहीं ही चला, पार्टी 250 का आंकड़ा भी पार करती नहीं दिख रही। देश के कई राज्यों में देर रात तक मतगणना जारी है। ऐसे संकेत हैं कि भाजपा अपने दम पर बहुमत के लिए जरूरी 272 के आंकड़े से दूर रह जाएगी। गनीमत यही है कि भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को रूझानों के अनुसार, बहुमत मिलता दिख रहा है। ऐसी परिस्थिति में यदि एनडीए की सरकार बनती है तो भाजपा की नीतीश कुमार के जदयू और चंद्रबाबू नायडू के तेलुगु देशम पार्टी पर निर्भरता रहेगी। सरकार चलाने के लिए दोनों दिग्गजों के साथ पार्टी को संतुलन साधने की कवायद करनी पड़ेगी।

भाजपा को लगे इस जोरदार झटके के बाद अब उन कारणों पर गौर किया जाने लगा है, जिनकी वजह से पार्टी का 400 पार का नारा नाकाम हो गया है। भाजपा को दिल्ली, मध्य प्रदेश, गुजरात, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड, जैसे राज्यों में अच्छा जनसमर्थन मिला। केरल में भी पार्टी का खाता खुलता दिख रहा है, लेकिन यूपी, राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में जबरदस्त नुकसान हुआ है। इन राज्यों में मोदी का करिश्मा नहीं दोहरा पाने के कारण ही पार्टी बहुमत से दूर रह गई है। अगर उन कारणों की बात करें, जो भाजपा के कमजोर प्रदर्शन की वजह माने जा रहे हैं तो इसमें कुछ परंपरागत मतदाताओं का अलग होना भी है।

शेष पेज 04 पर।

इलेक्शन रिजल्ट देखकर क्रैश कर गया शेयर मार्केट

4389.73 अंकों का सेंसेक्स ने लगाया गोता

1646.65 अंकों की निफ्टी में आई गिरावट

38 लाख करोड़ के करीब निवेशकों के डूबे, बाजार में लगातार मचा रहा हाहाकार

23 मार्च 2020 के बाद सेंसेक्स में दर्ज की गई अब तक की सबसे बड़ी गिरावट

AGENCY NEW DELHI : 18वीं लोकसभा के गठन के लिए हुए चुनाव की मतगणना के दिन मंगलवार 4 जून 2024 को चुनावी नतीजों को देखकर घरेलू शेयर बाजार में चौतरफा हाहाकार मच गया। मंगलवार की सुबह बड़ी गिरावट के साथ खुला शेयर बाजार दोपहर के कारोबार में अपर और लोअर सर्किट के बीच फंसा और शाम को कारोबार के अंत में बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। कारोबार के अंत में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 4,389.73 अंक या 5.74 फीसदी का गहरा गोता लगातार 72,079.05 अंक पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी करीब 1,379.40 अंक या 5.93 फीसदी टूटकर 21,884.50 अंक के स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान दोपहर के 12 बजे के बाद सेंसेक्स 5,130.01 अंक का गोता लगाकर 71,338.7 पर पहुंच गया था। वहीं, निफ्टी 1,646.65 अंक की बड़ी गिरावट के साथ 21,606.2 अंक के स्तर पर पहुंच गया था। खबर यह भी है कि बाजार में हाहाकार के बीच निवेशकों के करीब 38 लाख करोड़ डूब गए। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, बीएसई के प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स में 23 मार्च 2020 के बाद अब तक की सबसे बड़ी गिरावट है।

3934 अंकों की गिरावट कोरोना काल में हुई थी

13.15 फीसद टूटकर 25981 पर पहुंचा था सेंसेक्स

इन कंपनियों के शेयर सबसे अधिक टूटे

चुनावी नतीजों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को कमजोर होता देख घरेलू बाजार में मचे उत्पात के बीच सेंसेक्स में सूचीबद्ध जिन कंपनियों के शेयर सबसे अधिक टूटे, उनमें आरईसी (25.19 फीसदी), पावर फाइनांस (23.08 फीसदी), अदाणी पोर्ट्स (21.15 फीसदी), मेल (20.84 फीसदी), एसबीआई (14.40 फीसदी), भारत इलेक्ट्रॉनिक (19.80 फीसदी), हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स (17.83 फीसदी), एचडीएफसी बैंक (5.66 फीसदी), वोडाफोन आइडिया (17.50 फीसदी), केनरा बैंक (14.35 फीसदी) और पंजाब नेशनल बैंक (15.80 फीसदी) शामिल हैं। वहीं, जिन कंपनियों के शेयरों में मजबूती का रुख रहा, उनमें डाबर इंडिया (6.13 फीसदी), हिंदुस्तान यूनिलीवर (5.96 फीसदी), कॉलगेट (4.56 फीसदी), मैरिको (3.44 फीसदी), ब्रिटानिया (3.04 फीसदी), हीरो मोटोकॉर्प (2.91 फीसदी) और ब्लू स्टार (0.11 फीसदी) शामिल हैं। चुनावी नतीजे में एनडीए को तीसरी बार सत्ता में आने की आस में सोमवार 3 जून 2024 को स्थानीय शेयर बाजार में चौतरफा लिवाली से बीएसई सेंसेक्स 2,500 से अधिक अंक की छलांग लगाकर अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।

कैमरे की नजर में लोकसभा चुनाव का परिणाम

'काली' ने रोका 'अर्जुन' का 'रथ'

पिछले मोदी कैबिनेट में कृषि एवं जनजातीय मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री रहे अर्जुन मुंडा को खूंटी लोकसभा सीट से पराजित करने के बाद समर्थकों के साथ विजयी मुद्रा में कालीचरण मुंडा ● फोटोन न्यूज

लोहरदगा सीट की मतगणना के दौरान मौजूद प्रशासनिक अधिकारी

मतगणना की सुबह अखबार पढ़ते कड़िया मुंडा

धनबाद से भाजपा के प्रत्याशी ढुलू महतो की जीत से उत्साहित पार्टी के नेता

चतरा में समर्थकों के साथ पूजा-अर्चना करने पहुंचे भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह

खूंटी में मतगणना के दौरान तैनात सुरक्षाकर्मी ● फोटोन न्यूज

कोडरमा सीट से भाजपा की प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी अपने समर्थकों के साथ

मतगणना की तैयारियों में जुटे सरकारी कर्मचारी

लोहरदगा में मतगणना केंद्र के बाहर मौजूद लोग

गिरिडीह में लड्डू तैयार कराते भाजपा नेता ● फोटोन न्यूज

एजेंटों से मतगणना का परिणाम लेते राजमहल से जेएमएम प्रत्याशी विजय हांसदा

कोडरमा से रुझानों के आगे बढ़ने के बाद विक्ट्री साइन दिखातीं अन्नपूर्णा देवी

बड़े भाई से आशीर्वाद लेते लोहरदगा से कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत

राजमहल में मतगणना केंद्र के अंदर प्रवेश करते प्रत्याशी व एजेंट ● फोटोन न्यूज

खूंटी में मतगणना केंद्र के बाहर बैठे कांग्रेस व जेएमएम के कार्यकर्ता

पलामू में पंडाल में मौजूद राजद के कार्यकर्ता ● फोटोन न्यूज

टेंट में बैठे विधायक व कोडरमा से भाकपा माले के प्रत्याशी बिनोद सिंह

लोहरदगा में मतगणना केंद्र के बाहर लगा बैनर ● फोटोन न्यूज

हजारीबाग में मतगणना केंद्र पर पहुंचकर विजयी मुद्रा में मनीष जायसवाल ● फोटोन न्यूज

पलामू सीट से राजद की प्रत्याशी रहीं ममता भुईयां मतगणना केंद्र से बाहर निकलते हुए

चुनाव परिणाम आने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर मनाया जश्न

भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ की बंपर जीत

PHOTON NEWS RANCHI : रांची लोकसभा क्षेत्र में मंगलवार को सुबह आठ बजे से काउंटिंग प्रारंभ हुई। थोड़े समय के लिए भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ कांग्रेस की उम्मीदवार यशास्विनी सहाय से पीछे थे, लेकिन जब आगे बढ़े तो लगातार हर राउंड में उनके जीत का फासला बढ़ता गया और अंत में उन्हें शानदार जीत मिली। प्रत्याशी संजय सेठ 17 वें राउंड में 1,19,116 वोटों से आगे चल रहे। सेठ को तब तक 6,40,698 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय 5,21,582 वोट लाकर दूसरे स्थान पर बनी हुई थी। तीसरे स्थान पर झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के प्रत्याशी देवेन्द्र नाथ महतो को 1,29,298 वोट मिले थे। साथ ही नोटा पर 7,788 वोट डाले गए थे।

संजय सेठ आठवें राउंड में 84,754 वोटों से आगे थे। संजय सेठ 3,20,542 वोट पाकर पहले स्थान पर थे जबकि कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय 2,35,788 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर बनी हुई थी। नोटा पर 3,931 वोट डाले गए थे।

नौवें राउंड में 82,583 वोटों से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ आगे चल रहे थे। नौवें चरण की मतगणना के बाद भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ को अब तक 3,54,533 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय 2,71,950 वोट लाकर दूसरे स्थान पर बनी हुई थी। तीसरे स्थान पर झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के प्रत्याशी देवेन्द्र नाथ महतो को 83,166 वोट मिले थे। साथ ही नोटा पर 4388 वोट डाले गए थे। 12वें राउंड में 93,138 वोटों से आगे चल रहे थे। सेठ को अब तक 4,60,307 वोट मिले थे जबकि कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय 3,67,169 वोट लाकर दूसरे स्थान पर बनी हुई थी। तीसरे स्थान पर झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के प्रत्याशी देवेन्द्र नाथ महतो को 1,02,349 वोट मिले थे।

चुनाव परिणाम के बाद संजय सेठ भाजपा के अन्य नेताओं के साथ विजयी मुद्रा में।

एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई देते भाजपा कार्यकर्ता।

अमित शाह ने एनडीए की बैठक में सुदेश को बुलाया



PHOTON NEWS RANCHI : लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद सभी पार्टियां और गठबंधन रणनीति बनाने में जुट गए हैं। इसी क्रम में नई दिल्ली में एनडीए की बैठक बुधवार को शाम चार बजे से होगी। इसमें सभी घटक दलों के नेताओं को बुलाया जा रहा है। गृह मंत्री अमित शाह खुद घटक दलों के नेताओं से बात कर रहे हैं। उन्होंने झारखंड में अपनी सहयोगी पार्टी आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो को फोन कर बैठक में आने का आमंत्रण दिया है। सुदेश महतो इस बैठक में भाग लेने के लिए बुधवार को दिल्ली रवाना होंगे।

झारखंड से संसद में दिखेंगे छह नए चेहरे

RANCHI : झारखंड से इस बार संसद में छह नए चेहरे दिखेंगे। इसमें वर्तमान के चार विधायक सहित एक पूर्व विधायक शामिल हैं। नए चेहरे के रूप में चतरा से जीत हासिल करने वाले भाजपा उम्मीदवार कालीचरण सिंह होंगे। इसमें भाजपा के दो और झामुमो के दो विधायक शामिल हैं। एक कांग्रेस के पूर्व विधायक हैं। कालीचरण सिंह पहली बार संसद पहुंचेंगे। हजारीबाग से भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल और धनबाद से भाजपा उम्मीदवार ढुल्लू महतो ने जीत हासिल की है। झामुमो से जोबा मांझी और नलिन सोरेन से जीत हासिल की। कांग्रेस के पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने लोहरदगा से जीत हासिल की है।

जीत का जश्न मनाते भाजपा कार्यकर्ता।

वोटों की गिनती करते कर्मचारी।

भाजपा कार्यालय के सामने खुशी का इजहार करते भाजपा कार्यकर्ता। ● फोटोन न्यूज

जीत के बाद खास स्टाइल में बच्चों के साथ भाजपा कार्यकर्ता। ● फोटोन न्यूज

जीत के बाद रामलला की तस्वीर के साथ भाजपा की महिला कार्यकर्ता।

काउंटिंग के दौरान सुरक्षा में तैनात जवान।

रांची भाजपा कार्यालय में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

PHOTON NEWS RANCHI : प्रदेश भाजपा कार्यालय में शॉर्ट सर्किट से मंगलवार को आग लग गई, जिससे थोड़ी देरी के लिए कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कार्यालय में मौजूद सभी लोग बाहर निकलने लगे। हालांकि, थोड़ी देर में ही आग पर काबू पा लिया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी लोकसभा चुनाव के परिणाम पर मंथन कर रहे थे।

'इंडिया' गठबंधन के देशभर में शानदार प्रदर्शन पर कांग्रेस मुख्यालय में जश्न

PHOTON NEWS RANCHI : इंडिया गठबंधन के झारखंड समेत पूरे देश में बेहतर प्रदर्शन को लेकर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में पटाखे जलाकर और मिठाइयां बांटकर खुशियां मनायी गयीं। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने जनता के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल के आंकड़े एग्जिट हो गए। जनता ने अपने जनादेश में हमें भरपूर समर्थन दिया। झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि एग्जिट पोल एग्जिट हो गया। जनता के जनादेश को जिस तरह से कम आंका गया, उसे जनता ने ध्वस्त कर दिया। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान देश के करोड़ों लोगों से मिले और उनकी समस्याओं को जानकर संघर्ष की पृष्ठभूमि तैयार की। उनके समस्याओं के समाधान का रास्ता निकालकर हम इस चुनाव में जनता के बीच गए। इसी का परिणाम है कि जनता ने भाजपा के नेतृत्व को नकारते हुए हम पर भरोसा कर हमें भरपूर समर्थन दिया।

जनता ने खुद लड़ी संविधान बचाने की लड़ाई : राजेश ठाकुर ने कहा कि जनता ने संविधान बचाने की लड़ाई खुद सामने आकर लड़ी और हमें देश में समर्थन दिया है। भाजपा ने नैतिक रूप से जनता का समर्थन खो दिया है क्योंकि जिस मोदी की गारंटी पर भाजपा चुनाव लड़ रही थी, उस भाजपा को जनता ने वैसा समर्थन नहीं दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता ने केंद्र की तानाशाही सरकार के खिलाफ अपना रोष प्रकट किया है। झारखंड में इंडिया महागठबंधन की सरकार बनते ही इसे गिराने का प्रयास किया जा रहा था, परंतु वह इसमें सफल नहीं हो पा रहे थे। चुनाव के दौरान जिस तरह से महागठबंधन में शामिल दलों और परिवार को तोड़ने का प्रयास किया गया, उसे भी जनता ने देखा और उसे कसौटी पर परखा, जिसका परिणाम यह रहा कि बीजेपी झारखंड में दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच पायी।

राजेश ठाकुर को मिठाई खिलाते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● फोटोन न्यूज

झारखंड कांग्रेस प्रभारी के नेतृत्व में बेहतर प्रदर्शनः राजेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर के कुशल नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपना बेहतर प्रदर्शन किया। इंडिया गठबंधन की आपसी एकता और बेहतर समन्वय व चुनावी प्रबंधन के कारण हमने झारखंड में अच्छा प्रदर्शन किया है और इसमें इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के नेता एवं कार्यकर्ताओं का सराहनीय योगदान रहा है। हम उनका भी आभार व्यक्त करते हैं।

मौके पर ये थे उपस्थित : इस अवसर पर प्रमुख रूप से अमूल्य नीरज खलको, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, मानस सिन्हा, सोनाल शांति, मदन मोहन शर्मा, नेलीनाथन, ऋषिकेश सिंह, आभा सिन्हा, अजय सिंह, गजेंद्र सिंह, अमृत सिंह, रोहण ठाकुर, अख्तर अली गुलजार अहमद, संजय कुमार, सुशील कुमार पिंटू समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

3.02 करोड़ के बजट के साथ राज्य सरकार ने शुरू की मेला की तैयारी, श्रद्धलुओं को मिलेंगी सभी सुविधाएं

विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला 22 जुलाई से

PHOTON NEWS RANCHI : विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला 22 जुलाई से शुरू हो रहा है। राज्य सरकार इस बार श्रद्धालुओं को कई तरह की सुविधाएं देने जा रही है। मेले में एसी अस्पताल से लेकर एंबुलेंस तक की सुविधा रहेगी। सरकार की ओर इस बार 3.02 करोड़ का बजट तैयार किया गया है। स्थानीय जिला प्रशासन एवं सिविल सर्जन ने इससे जुड़ा प्रस्ताव बनाकर स्वास्थ्य विभाग को भेज दिया है। स्वास्थ्य विभाग भेजे गये प्रस्ताव में कहा गया है कि 30 एंबुलेंस के स्थान पर 40 एंबुलेंस की तैनाती की जायेगी। सभी एंबुलेंस एयर कंडीशनर युक्त होगी। इस बार चार से पांच अस्थायी हॉस्पिटल बनाये जायेंगे, जहां पर तीन शिफ्ट में डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मचारी तैनात रहेंगे। 150 की संख्या में डॉक्टर और चार सौ से 500 की संख्या में एएनएम सहितअन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहेंगे। कांवरिया रूट लाइन में पांच एसी युक्त हॉस्पिटल तैनात रहेंगे। प्रस्ताव में यह भी जिक्र किया गया है कि झारखंड बिहार बॉर्डर से लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर तक पांच ऐसे अस्थाई अस्पताल का निर्माण कराया जाएगा, जिसमें तीन से चार कमरे वातानुकूलित रहेंगे। इस बार श्रावणी मेले में जिला प्रशासन मोटरसाईकिल एंबुलेंस की व्यवस्था करेगा। रिमोट इलाकों में बीमार पड़ने वाले श्रद्धालुओं को अस्थाई व स्थाई अस्पताल तक पहुंचाने के लिए मोटरसाइकिल एंबुलेंस का उपयोग किया जाएगा। श्रावणी मेले में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए इस बार प्रशासन अलग से टोटो एंबुलेंस की भी व्यवस्था करेगा। भीड़ के दौरान यह देखा जाता है कि संकीर्ण सड़कों के कारण मरीजों को अस्पताल ले जाने में काफी परेशानी होती है। स्वास्थ्य विभाग भीड़ वाले संकीर्ण स्थान से चार पहिया एंबुलेंस तक पहुंचाने के लिए टोटो एंबुलेंस का प्रयोग करेगा।

रिम्स में सेंट्रलाइज डायग्नोस्टिक हब का होगा निमार्ण

RANCHI : रिम्स में मरीजों को पैथोलॉजिकल, बायोकेमिकल, रेडियोलॉजिकल एवं अन्य जांच के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं होगी। अस्पताल क्षेत्र में जल्द ही सेंट्रलाइज डायग्नोस्टिक हब का निर्माण होगा। इसके लिए जगह चिन्हित कर ली गई है। ओपीडी क्षेत्र के पास ही पैथोलॉजिकल, लैब मेडिसिन और रेडियोलॉजिकल जांच के लिए 6-8 काउंटर बनाए जाएंगे।रिम्स निदेशक प्रो डॉ राजकुमार ने मंगलवार को इसको लेकर परिसर का निरीक्षण किया। उनके साथ डीन डॉ विद्यापति, चिकित्सा अधीक्षक डॉ हीरेन्द्र बिरुआ, उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी, रेडियोलोजी विभागाध्यक्ष डॉ सुरेश टोप्पो आदि मौजूद थे।

जनता ने 400 पार के नारे को किया खारिज : विजय

RANCHI : मंगलवार को संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड छत्तीसगढ़ प्रभारी विजय शंकर नायक ने देश में हुए चुनाव के परिणाम आने पर कहा कि मुंगेरीलाल के हसीन सपने टूट गए। जनता ने भाजपा के अबकी बार 400 पार के नारे को नकारा और उसके घमंडिया विचारधारा को एक सिरे से खारिज किया। अपनी प्रतिक्रिया में उक्त बातें कहीं। इन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता सत्ता मे रहने के कारण घमंड और अहंकार से ओतप्रोत थे तथा जनता से किए गए वादों को इन्होने जुमलेबाजी कह कर नकारा, जिस कारण जनता ने उन्हें भी नकारने का काम और उनकी औकात बताने का काम किया है । नायक ने यह भी कहा की जनता ने अयोध्या में भारतीय जनता पार्टी को हराकर पूरे देश में यह संदेश दिया कि मंदिर मस्जिद की राजनीति अब देश में नहीं चलने वाली है।

लोकसभा चुनाव का परिणाम दोहराया, सिंहभूम में इंडिया तो जमशेदपुर में एनडीए ने परचम लहराया

जीत के बाद समर्थकों के साथ जोबा मांझी

जीत के बाद समर्थकों के साथ बिद्युत बरण महतो

कोल्हान में 50-50

पहले राउंड से ही भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो व जोबा मांझी ने बनाए रखी बढ़त

वीरेंद्र ओझा, जमशेदपुर

देश भर में भले ही लोकसभा चुनाव के परिणाम ने चौंकाया हो, लेकिन कोल्हान में मैच बराबरी का रहा। कोल्हान में एनडीए और इंडिया गठबंधन ने पिछले चुनाव की तरह अपना प्रदर्शन दोहराया है। प्रमंडल के अंतर्गत आने वाली दो सीटों में से एक सिंहभूम संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी विजयी रहीं। वहीं दूसरी लोकसभा सीट जमशेदपुर से भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो विजयी घोषित किए गए हैं। सिंहभूम सीट पर बस इतना ही अंतर रहा कि इस बार कांग्रेस की जगह झामुमो का प्रत्याशी विजयी रहा। जबकि भाजपा ने जमशेदपुर में लगातार तीसरी बार अपने सांसद पर भरोसा जताया और परिणाम भी आशा के अनुरूप रहा। सिंहभूम सीट पर मनोहरपुर की विधायक जोबा मांझी ने 1,68,402 मतों से भाजपा प्रत्याशी सांसद गीता कोड़ा को हरा दिया। वहीं जमशेदपुर सीट से सांसद व भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो लगभग ढाई लाख मतों से इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी व बहरागोड़ा के विधायक समीर मोहंती से आगे रहे।

सिंहभूम ने दलबदल को नकारा

सिंहभूम सीट पर वर्ष 2014 में भाजपा के प्रत्याशी रहे स्व. लक्ष्मण गिलुवा की जीत हुई थी। इस बार के चुनाव में सिंहभूम के मतदाताओं ने दलबदल को नकार दिया। 2019 के चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर गीता कोड़ा सांसद बनीं, लेकिन वर्ष 2024 के चुनाव में उन्होंने अंतिम समय में पाला बदल लिया। इससे मतदाता नाराज हो गए। वहीं जमशेदपुर सीट पर भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो निर्विवाद रूप से अपनी जीत की हैट्रिक बनाने में सफल रहे। पूर्वी सिंहभूम की सभी पांच सीटों पर काबिज इंडिया गठबंधन के विधायक अपने सहयोगी झामुमो के बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती को दिल्ली नहीं भेज सके।

सिंहभूम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र

मतगणना समाप्त

● जोबा मांझी- झामुमो	-	5,20,64
● गीता कोड़ा- भाजपा	-	3,51,762
● दामोदर सिंह हांसदा- निर्दलीय	-	44,292
● माधव चंद्र कुंकल- निर्दलीय	-	19,834
● संग्राम मार्डी- निर्दलीय	-	16,111
● परदेशीलाल मुंडा- बसपा	-	8742
● दुगार्लाल मुर्मू- निर्दलीय	-	4924
● चित्रसेन सिंकू- झारखंड पार्टी	-	3210
● विश्वनाथ मार्डी-आंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया	-	3070
● आशा कुमारी मुंडा- निर्दलीय	-	2754
● कृष्णा मार्डी- झामुमो-उलगुलान	-	2615
● सुधारानी बेसरा-पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया-डेमोक्रेटिक		-2409
● बीर सिंह देवगम- राइट टू रिकॉल पार्टी	-	1927
● पानमानी सिंह-एसयूसीआई-कम्युनिस्ट	-	1801
● नोटा	-	23,982

जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र

(मतगणना जारी)

● बिद्युत बरण महतो- भारतीय जनता पार्टी	-	7,19,650
● समीर कुमार मोहंती, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा	-	4,42,167
● इंद्रदेव प्रसाद, निर्दलीय	-	8424
● नोटा	-	7064
● अरुण महतो, निर्दलीय	-	7309
● आनंद मुखी, निर्दलीय	-	6335
● प्रणव कुमार महतो, बहुजन समाज पार्टी	-	6070
● विश्वनाथ महतो, निर्दलीय	-	5221
● अंगद महतो, आमरा बंगाली पार्टी	-	4871
● जुझार सोरेन, निर्दलीय	-	4226
● धार्मू टुडू, अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया	-	3265
● जितेंद्र सिंह, निर्दलीय	-	3157
● सनका महतो, एसयूसीआई (कम्युनिस्ट)	-	3129
● मनोज गुप्ता, लोकहित अधिकार पार्टी	-	2347
● साधु चरण पाल, निर्दलीय	-	2285
● सौरभ विष्णु, निर्दलीय	-	2231
● शेख अखिरुद्दीन, बहुजन महा पार्टी	-	2082
● अशोक कुमार-पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक)	-	2030
● महेश कुमार, राइट टू रिकॉल पार्टी	-	1949
● जी. जयराम दास, निर्दलीय	-	1919
● अरुण कुमार शर्मा, भारतीय आजाद सेना	-	1792
● डोमन चन्द्र भकत, भागीदारी पार्टी (पी)	-	1338
● बबलू प्रसाद दांगी, निर्दलीय	-	1138
● ज्ञान सागर प्रसाद, निर्दलीय	-	1039
● पार्वती किस्कू, निर्दलीय	-	967

बिद्युत ने लगाई हैट्रिक, तोड़ा मिथक

जमशेदपुर लोकसभा सीट से बड़ी जीत दर्ज कर बिद्युत बरण महतो ने न केवल लगातार तीसरी जीत की हैट्रिक लगाई, बल्कि इस जीत ने यह मिथक भी तोड़ दिया कि जमशेदपुर से कोई लगातार तीन बार नहीं जीत सकता। जानकार बताते हैं कि झामुमो ने कमजोर प्रत्याशी देकर बिद्युत की राह आसान कर दी थी। इंडिया गठबंधन ने जमशेदपुर के उम्मीदवार की घोषणा भी सबसे अंत में की थी, जिससे समर्थकों में निराशा का भाव भी उत्पन्न हो रहा था। वहीं, बिद्युत महतो के नाम की घोषणा लगभग एक माह पहले हो गई थी, जिससे उन्हें तैयारी करने का काफी वक्त मिला। भाजपा व आजसू कार्यकर्ताओं ने भी जमकर प्रचार किया। हालांकि समीर मोहंती के लिए झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य और मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने भी जमशेदपुर में लगातार कैंप किया। लेकिन मतदाता पर इसका असर कम दिखा।

जमशेदपुर सीट पर जीत के बाद साकची में ढोल नगाड़े के साथ जुलूस निकालते भाजपा कार्यकर्ता

साकची में बिद्युत की जीत का जश्न मनाते भाजपा कार्यकर्ता ● फोटोन न्यूज

को-ऑपरेटिव कॉलेज परिसर में बैरिकेड लगाकर जांच करते पुलिस के जवान

साकची में जीत की खुशी मनाते जदयू के नेता व कार्यकर्ता

जमशेदपुर सीट पर जीत को लेकर आश्वस्त थी भाजपा

जमशेदपुर में जीत पर जश्न मनाते भाजपा नेता ● फोटोन न्यूज

जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज के बाहर टेंट में बैठे झामुमो कार्यकर्ता

PHOTON NEWS JSR:

जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज में जब सुबह 8 बजे मतगणना शुरू हुई, तो इससे पहले ही कॉलेज परिसर के बाहर भाजपा व झामुमो के कार्यकर्ता अपने-अपने शिविर में जम गए थे। भाजपा के शिविर में जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा व पूर्व जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता थे, जबकि झामुमो के शिविर में कोई बड़ा कार्यकर्ता नहीं था। दरअसल भाजपा जमशेदपुर सीट पर जीत को लेकर पहले से आश्वस्त थी। पहले राउंड से ही जब बिद्युत बरण महतो ने बढ़त लेनी शुरू की, तो अंत तक आगे ही रहे। पांचवें राउंड में तो कॉलेज परिसर के बाद भाजपा कार्यकर्ता आतिशबाजी के साथ नारेबाजी करने लगे थे, जबकि झामुमो के शिविर में सन्नाटा पसरा रहा।

मेले जैसा रहा नजारा : जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज परिसर के बाहर सुबह से ही मेले जैसा नजारा रहा। चाट-पकौड़ी, कोल्डड्रिंक्स, पानी की बोतल से लेकर चाय-नाश्ते की दुकान सज गई थी। राजनीतिक दलों के कैंप में हालांकि खानपान की उचित व्यवस्था की गई थी, इसके बावजूद इन दुकानों-ठेलों पर खरीदारी हो रही थी।

सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम : इस बार मतगणना के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। जुबिली पार्क गेट से ही बेरिकेडिंग लगाकर सीएच एरिया की ओर जाने वालों से पुलिस के जवान पूछताछ कर रहे थे। वहां से निकलने के बाद सेंटर फॉर एक्सीलेंस के पास और कॉलेज गेट के साथ मीडिया गैलरी से पहले भी पास की गहनता से जांच की जा रही थी।

को-ऑपरेटिव कॉलेज परिसर में बैरिकेड लगाकर जांच करते पुलिस के जवान

साकची में जीत की खुशी मनाते जदयू के नेता व कार्यकर्ता

चाईबासा में जश्न मनाते इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता ● फोटोन न्यूज

चाईबासा में ढोल नगाड़ा बजाते झामुमो कार्यकर्ता ● फोटोन न्यूज

चाईबासा में नृत्य करते झामुमो के उत्साहित कार्यकर्ता ● फोटोन न्यूज

पेज 1 का शेष... (अबकी बार, बस नैया पार)

इसके अलावा यूपी में बसपा के कमजोर होने से बने नए समीकरण का लाभ पार्टी को नहीं मिला। राम मंदिर निर्माण और धारा 370 हटाने जैसे अहम फैसलों से कम से कम यूपी के आम मतदाता प्रभावित नहीं हुए। पार्टी को इन फैसलों से परिणाम में सकारात्मक प्रभाव की उम्मीद थी। अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर में गत 22 जनवरी को धूमधाम से प्राण-पतिष्ठा का कार्यक्रम हुआ। पूरे देश खासकर उत्तर प्रदेश में माहौल राममय दिखा, जिससे भाजपा को उम्मीद जगी कि चुनाव में उसे राम मंदिर का फायदा मिलेगा, लेकिन अब तक के रूझान बता रहे हैं कि राम मंदिर निर्माण से पार्टी को फायदा नहीं पहुंचा। हिंदू मतों का बिखराव हुआ। यहां तक कि अयोध्या जिस फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र में पड़ती है, वहां भी भाजपा प्रत्याशी की हार हो गई। भाजपा की हार का एक और बड़ा कारण पार्टी का अति-आत्मविश्वास भी रहा। पूरे चुनाव के दौरान सिर्फ मोदी नाम की गूंज थी। पार्टी ऐसा संकेत दे रही थी कि मोदी नाम से ही 400 का आंकड़ा पार कर जाएगी। इसका साइड इफेक्ट यह हुआ कि पार्टी कार्यकर्ता उदासीन हो गए। शुभचिंतक भी फीलगुड के मूड में आ गए। अपने समर्थक मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाने या दूसरों को पार्टी के पक्ष में वोट डालने के लिए प्रेरित करने में भी कई जगह कार्यकताओं ने दिलचस्पी नहीं दिखाई। भाजपाईयों का यह मुगालता दूसरी बार पार्टी के कमजोर प्रदर्शन का कारण बना। भाजपाईयों ने अटल बिहारी वाजपेयी के समय वर्ष 2004 में हुए लोकसभा चुनाव में शाइनिंग इंडिया के नारे के साथ कुछ इसी तरह का आत्मविश्वास दिखाया था। मतदान के दौरान वोटरों ने पार्टी को जोर का झटका दे दिया था।

इस बार मोदी को जो झटका लगा है, उसमें युवाओं की नाराजगी भी एक कारण है। विपक्ष ने अग्निवीर को बड़ा मुद्दा बना दिया। बेरोजगारी को लेकर भौकाल टाइट किया। कई राज्यों, खासकर यूपी में पेपर लीक का मामले भी बड़ा मुद्दा बना गया। इससे युवाओं के भीतर पनप रहा आक्रोश भाजपा के खिलाफ गया। इन नतीजों से यह भी पता चला है कि बार-बार व्यक्ति विशेष के नाम पर कोई पार्टी चुनाव नहीं जीत सकती। इस बार मोदी के नाम के भरोसे रही भाजपा ने टिकट वितरण में घोर लापरवाही दिखाई। कई ऐसी सीटों पर वैसे उम्मीदवारों को उतार दिया, जिनके खिलाफ जनता में भारी नाराजगी थी। जातीय समीकरण पर गौर नहीं करना, दलबदलुओं को टिकट देना और सिर्फ मोदी के भरोसे रह जाना पार्टी को महंगा पड़ गया। भाजपा यह आकलन नहीं कर सकी कि हिंदी पट्टी के कई राज्यों में मोदी मैजिक की चमक पहले से फीकी पड़ गई है। भाजपा विपक्ष के संविधान और आरक्षण को लेकर शुरू किए गए विमर्श में उलझ गई। विपक्ष ने जिस तरह आरक्षण खत्म करने, संविधान को खतरे में डालने और मोदी के तीसरी बार पीएम बनने पर संविधान को ही खत्म कर देने का डर दिखाया, उसका संदेश-संकेत निचले तबके के वोटरों तक पहुंच गया। भाजपा विपक्ष के प्रचार को सिरे से खारिज करने में कामयाब नहीं हो सकी। भाजपा की चुनावी हार में मुस्लिमों की नाराजगी और गोलबंदी भी एक बड़ा फैक्टर रही। हालांकि मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं का मुस्लिमों को फायदा मिला। भाजपा ने पसमांदा मुसलमानों को अपने पाले में करने के निए कई जतन किए। सारी कवायद नाकाम रही। मुस्लिमों ने भाजपा को पूरी तरह नकार कर विपक्ष का साथ दे दिया। भाजपा की हार को मौसम के प्रकोप से भी जोड़ा जा रहा है। प्रचंड गर्मी में कई जगहों पर शहरी क्षेत्रों में मतदाताओं ने वोट डालने को लेकर उत्साह नहीं दिखाया। मोदी के लिए मतदाओं का जैसा उत्साह 2014 या 2019 के चुनाव में दिखा था, वैसा नजारा इस बार गायब रहा। लिहाजा कई सीटों पर पार्टी को कम अंतर से हार का सामना करना पड़ा। भाजपा ने अपने अनेक वैसे सांसदों को मैदान में उतार दिया था, जिनको लेकर जनता में भारी नाराजगी थी। स्थानीय स्तर पर कई ऐसे कारक बन गए, जिनकी वजह से लोकसभा का चुनाव लोकल मुद्दों तक सीमित हो गया। कई जगहों पर वोटरों ने इस चुनाव को राष्ट्रीय परिपेक्ष्य में न देखकर स्थानीय चश्मे से निहारा। भाजपा इस चुनाव को राष्ट्रीय मुद्दों से जोड़ने में पूरी तरह सफल नहीं हो सकी। ऊपर से सात चरणों में हुए इस चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अलग-अलग चरण में जिस तरह के अलग-अलग मुद्दे उठाए और विपक्ष के खिलाफ जिस भाषा का इस्तेमाल किया, वह भी भाजपा के लिए बूमरैंग साबित हुआ। विपक्ष जनता तक यह बात पहुंचाने में सफल रहा कि मोदी प्रधानमंत्री पद की गरिमा और प्रतिष्ठा के अनुरूप भाषा का इस्तेमाल नहीं कर रहे।वह सड़क छाप बोली बोल रहे हैं, जो प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठे व्यक्ति को शोभा नहीं देता। ऐसे व्यक्ति से पिंड छुड़ा लेना जनता के लिए जरूरी है। विपक्ष की इस मुहिम को भी भाजपा प्रभावी तरीके से काट नहीं सकी और नजदीक पहुंचकर भी बहुमत का आंकड़ा छूने से दूर रह गई।

लोकसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री की विश्वसनीयता पर लगातार उठ रहे थे सवाल

नीतीश का जलवा बरकरार विरोधियों को लगा बड़ा झटका

AGENCY KISHANGUNJ : बिहार में वोटों की गिनती जारी है। फिलहाल एनडीए बिहार में 33 सीटों पर लीड कर रही है लेकिन सियासी गलियारे में इस बात पर चर्चा होने लगी है कि बिहार में अब भी नीतीश कुमार का जलवा बरकरार है, क्योंकि ताजा रुझान जो सामने आ रहे है वो हैरान करने वाला है।

लोकसभा चुनाव से पहले नीतीश कुमार की विश्वसनीयता पर लगातार सवाल खड़े हो रहे थे। उनके एनडीए में शामिल होने पर कई तरह की बातें की जाने लगी थी लेकिन अब रूझान सामने आने के बाद ये कहा जाने लगा है कि उनका जलवा अब भी बरकरार है। दरअसल, पहली बार ऐसा हुआ है कि जब बिहार में बीजेपी नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ी। बीजेपी ने 40 में से 17 सीटों पर उम्मीदवार उतारे जबकि जेडीयू के हिस्से में 16 सीटें आई थीं। 5 सीटों पर चिराग पासवान और एक सीट से हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा ने उम्मीदवार उतारे थे। वहीं, उपेन्द्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा भी एक सीट पर लड़ी।

खबर लिखे जाने तक बीजेपी से कम सीटों पर चुनाव लड़कर भी जेडीयू गठबंधन में सबसे अधिक सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। अगर ये रुझान नतीजों में बदलते हैं तो यह नीतीश कुमार के लिए संजीवनी की तरह होगा। आप यहां गौर करे कि एग्जिट पोल अनुमानों में नीतीश कुमार की पार्टी को नुकसान के अनुमान जताए गए थे लेकिन हुआ इसके ठीक उलट। गौरतलब है कि साल 2019 के लोकसभा चुनाव में नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू भी बीजेपी के बराबर यानी 17-17 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। इनमें बीजेपी कोटे के सभी प्रत्याशियों की जीत हुई थी जेडीयू ने 16 सीटों पर फतह हासिल की थी। चिराग पासवान की पार्टी भी सभी 6 सीटों पर जीत दर्ज की थी। वहीं, किशनगंज सीट से कांग्रेस की एकमात्र जीत हुई थी।

लोकसभा चुनाव 2024 परिणाम

वाल्मीकिनगर	बेतिया	पूर्वी चंपारण	शिवहर	सीतामढ़ी	मुजफ्फरपुर	वैशाली
जीते	जीते	जीते	जीते	जीते	जीते	जीते
सुनील कुमार पार्टी : जदयू	संजय जायसवाल पार्टी : बीजेपी	राधामोहन सिंह पार्टी : बीजेपी	लवली आनंद पार्टी : जदयू	देवेशचन्द्र ठाकुर पार्टी : जदयू	राजभूषण चौधरी पार्टी : बीजेपी	वीणा देवी एलजेपी आर

गोपालगंज	सारण	हाजीपुर	दरभंगा	मधुबनी	झंझारपुर	पूर्णिया
जीते	जीते	जीते	जीते	जीते	जीते	जीते
आलोक कु. सुमन पार्टी : जदयू	राजीव प्रताप रूडी पार्टी : बीजेपी	चिराग पासवान एलजेपीआर	गोपाल जी ठाकुर पार्टी : बीजेपी	अशोक यादव पार्टी : बीजेपी	आरपी मंडल पार्टी : जदयू	पप्पू यादव पार्टी : निर्दलीय

बांका	भागलपुर	मुंगेर	सिवान	नालंदा	कटिहार	काराकाट
जीते	जीते	जीते	जीते	जीते	जीते	जीते
गिरधारी यादव पार्टी : जदयू	अजय कु . मंडल पार्टी : जदयू	राजीव रंजन सिंह पार्टी : जदयू	विजयालक्ष्मी पार्टी : जदयू	कौशलेंद्र कुमार पार्टी : जदयू	तारिक अनवर पार्टी : कांग्रेस	राजाराम सिंह भाकपा माले

गया	नवादा	मधेपुरा	सासाराम	सुपौल	किशनगंज	जमुई
जीते	जीते	जीते	जीते	जीते	जीते	जीते
जीतनराम मांझी पार्टी : हम	विवेक ठाकुर पार्टी : बीजेपी	दिनेश चंद्र यादव पार्टी : जदयू	मनोज कुमार पार्टी : कांग्रेस	दिलेश्वर कमत पार्टी : जदयू	डॉ जावेद पार्टी : कांग्रेस	अरुणा भारती एलजेपीआर

दरभंगा लोकसभा से भाजपा के गोपाल जी ठाकुर 1 लाख 78 हजार 156 वोट से जीते

DARBHANGA : बिहार की दरभंगा लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार गोपालजी ठाकुर फिर से चुनाव जीत गये हैं। दरभंगा में चौथे चरण का मतदान 13 मई को हुआ था। 4 जून को हुए मतगणना में गोपालजी ठाकुर ने 1 लाख 78 हजार 156 वोट से जीत हासिल की है। गोपाल जी ठाकुर ने राजद के ललित यादव चुनाव हार गये हैं। 23वें और अंतिम राउंड में कुल 10 लाख 24 हजार 986 मतों की गिनती हुई। जिसमें बीजेपी के गोपाल जी ठाकुर को 5 लाख 66 हजार 630 वोट मिले। राजद के ललित कुमार यादव को 3 लाख 88 हजार 774 वोट मिले। वही 23 हजार 904 वोट नोटा को मिला। गोपालजी ठाकुर के जीत की आधिकारिक घोषणा भी कर दी गयी है। इसे लेकर कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गयी है। लोग एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार कर रहे हैं।

चिरैया में सीएसपी संचालक से दस लाख रुपये की लूट

AGENCY CHAMPARAN : जिले के चिरैया थाना क्षेत्र में गंगापीपर और हरबोलवा गांव के बीच सरेह में हथियारबंद बदमाशों ने एसबीआई के सीएसपी संचालक करुण कुमार से दस लाख रुपये लूट लिए। पुलिस ने सीसीटीवी को खंगाला है। इसमें दो संदिग्धों की पहचान की गई है। जिसकी तलाश में पुलिस की छापेमारी जारी है। सिकरहना डीएसपी अशोक कुमार ने बताया कि सीएसपी संचालक ने अब तक आवेदन नहीं दिया है। उसने पुलिस को दस लाख रुपये लूट की बात बताई है। मामले की जांच की जा रही है। अपराधियो को जल्द ही पकड़ लिया जायेगा। जाएंगे।पीड़ित सीएसपी संचालक शिकारगंज थाना के चमही गांव के बताये गये हैं। जो हरबोलवा गांव

के कुरसैल चौक पर सीएसपी का संतालन करते है। सोमवार को वे सीएसपी जा रहे थे,इसी बीच पल्सर बाइक पर सवार दो बदमाशों ने सरेह में घेर लिया और हथियार दिखाकर रुपयों से भरा बैग लूट कर फरार हो गये। सीएसपी संचालक ने बताया वे एक फाइनेंस कंपनी से रुपए लेकर हरबोलवा स्थित अपने केन्द्र लौट रहे थे।वही घटना की सूचना मिलते ही एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर पूरे क्षेत्र में ताबडतोड़ छापेमारी की जा रही है।

बगहा में गंडक नदी में डूबकर चार की मौत

AGENCY CHAMPARAN : बिहार में पश्चिम चंपारण जिले के बगहा में गंडक नदी में डूबने से 4 बच्चों की मौत हो गयी है। मृतकों में 3 लड़कियां और एक बच्चा शामिल है। पहली घटना गोडिया पट्टी घाट की है। जहां गंडक नदी पार करने के दौरान 10 वर्षीय बच्चा और 16 वर्षीय किशोरी की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गयी। दोनों मृतकों की पहचान गोडिया पट्टी निवासी अच्छे लाल सहनी के 10 वर्षीय पुत्र सुमित कुमार, विजय सहनी की 16 वर्षीय पुत्री पायल कुमारी के रूप में हुई है। दूसरी घटना बगहा के पुअरहाउस वार्ड नंबर 35 की है। जहां गंडक नदी में स्नान करने के दौरान भी दो बच्चियां डूब गई। स्थानीय लोगों ने दोनों के शव को बाहर निकाला। दोनों की पहचान राजेश गोड की 10 वर्षीय पुत्री प्रतिमा कुमारी व अवध बिहारी सहनी की 11 वर्षीय पुत्री तकली कुमारी के रूप में हुई है। इस घटना की पुष्टि एमएलसी भीष्म सहनी व वार्ड पार्षद मदन सहनी ने की है। जानकारी के अनुसार स्कूल बंद रहने के कारण दोनों गंडक पार अपने बाबा भूलाई सहनी के साथ खेती देखने गए थे। दोनों गंडक में पानी देख बिना बताए नदी पार करने लगे। इसी दौरान दोनों गहरे पानी में चले गए। इसकी सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद दोनों शव गंडक नदी से बाहर निकाल गया। घटना के बाद परिजनो के बीच कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस घटना से पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

सीतामढ़ी, बांका में झमाझम बारिश

AGENCY MUNGER : बंगाल की खाड़ी में साइक्लोन सकुर्लेशन बना है, जिसका प्रभाव बिहार में दिख रहा है। सीतामढ़ी में मंगलवार को 11 बजे के बाद मौसम का मिजाज बदला। इसके बाद तेज हवा के साथ झमाझम बारिश हुई। शाम 5 बजे बाद बांका में भी तेज बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र ने 11 जिलों में बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही 19 जिलों में गर्म दिन रहने की संभावना है।

वहीं, सोमवार को राज्य के पटना, गया, मुंगेर और किशनगंज समेत कई शहरों में बारिश हुई। इसके साथ ही कई शहरों में तेज हवा चली। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एसके पटेल ने बताया कि अगले चार से पांच दिनों में अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होने वाला है। बंगाल की खाड़ी में साइक्लोनिक सकुर्लेशन बना है, जिसके कारण उत्तर-पूर्वी बिहार में कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश की संभावना है। दक्षिण-पश्चिम, दक्षिण-मध्य और दक्षिण-पूर्व बिहार में मौसम शुष्क रहेगा। दक्षिण पश्चिम बिहार में तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा।

बजरंग दल के अखिल भारतीय अध्यक्ष मनोज जी ने शिविर में की शिरकत

AGENCY PURNIYA : रानी सती मंदीर कसबा मे अखिल भरतीय अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल के मनोज जी ने शिविर में शामिल होकर उत्साह वर्धन किया। इसमें उन्होंने राष्ट्रीय बजरंगदल द्वारा भारत वर्ष मे किये गए सेवा कार्यो का उल्लेख किया। इस क्रम मे उन्होंने कहा अंतराष्ट्रीय हिंदू परिषद की युवा शाखा राष्ट्रीय बजरंग दल देश के युवाओ को राष्ट्र रक्षा की जानकारी दे कर शरीर स्वस्थ रखने की कला का विषय बता कर देश के सुरक्षा के विभागों में राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता को सेना एवम पुलिस मे सेवा करने का सुअवसर भी मिल सकता हैं। जिससे समस्त हिंदू समाज की सुरक्षा की गारंटी मिलेगा। उन्होंने कहा कि साथ ही राष्ट्र चरित्र निर्माण में हनुमान चालीसा केंद्र खोल कर समाज में समरसता का भाव उत्पन्न करेगा जिससे लव जिहाद ,धर्मांतरण का कार्य रुकेगा। राष्ट्रीय बजरंग

दल देश के युवाओ का भविष्य है। उद्बोधन सुनने के लिए स्थानीय लोग भी आये। बाद में शिक्षार्थियों ने पांच दिन में सीखे गए समता, आसन, प्रणायाम, सूर्य नमस्कार, युध, निशाने बाजी एवम दंड का प्रदर्शन किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रांत अध्यक्ष बिनोद कुमार लाठ ने दिया ' अंत में कार्यकर्ताओ ने सीखी हुई कलाओं का प्रदर्शन किया । बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय बजरंग दल के केंद्रीय महामंत्री श्रीमान मनोज जी,प्रांत अध्यक्ष बिनोद कुमार लाठ,प्रांत महामंत्री अजय गर्ग, जामवंत स्वरूप जवाहर झा जी, राष्ट्रीय बजरंग दल प्रांत मंत्री अवनीश भारद्वाज, जिला कार्याध्यक्ष रवि भूषण झा, जिला महामंत्री अंजय कुमार मंडल, कसबा प्रखंड अध्यक्ष संजय जायसवाल, जिला किसान परिषद अध्यक्ष अर्जुन कुमार सिंह समस्तीपुर विभाग मंत्री सतीश कुमार, राघव, सोनू कुमार, मनोज कुमार, आशुतोष, सत्यम मिश्रा, आयोग मुख्य शिक्षक अजय जी, समाजसेवी सुनील लाठ, विशेष कुमार, इत्यादि शामिल रहे।

नीतीश के 'इंडिया' गठबंधन में जाने की बात का केसी त्यागी ने किया खंडन

AGENCY PATNA : बिहार की 40 लोकसभा सीटों पर चल रही मतगणना के बीच जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश के एक बार फिर इंडी गठबंधन में शामिल होने की चर्चा विपक्षी ने तेज कर दी है लेकिन जदयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने इसका खंडन किया है। त्यागी ने कहा कि जदयू एनडीए का सबसे भरोसेमंद सहयोगी है। नीतीश कुमार को लेकर चल रही बातें पूर्ण रूप से भ्रामक हैं। उन्होंने शरद यादव के साथ जदयू नेताओं की वार्ता होने की खबरों का भी खंडन किया है। साथ ही कहा है कि नीतीश कुमार एनडीए में ही रहेंगे।बताया जा रहा है कि नीतीश कुमार को इंडी गठबंधन में फिर से शामिल कराने की जिम्मेदारी

एनसीपी प्रमुख शरद पवार को दी गई है। यह भी कहा जा रहा है कि शरद ने जदयू के नेताओं से संपर्क कर इस दिशा में वार्ता की है। अंतिम चरण के मतदान से पूर्व नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने दावा किया था कि चार जून के बाद हमारे चाचा जी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार फिर से पलटी मारेंगे।उल्लेखनीय है कि जदयू बिहार में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभर रही है। जदयू 16 सीटों पर चुनाव लड़ रही थी, जिसमें से 14 सीटों पर लीड कर रही है।

अमित शाह ने मांझी और चिराग को दी बधाई

AGENCY PATNA : बिहार की 40 लोकसभा सीटों पर चल रही कांउटिंग में लोजपा (रामविलास) पांच सीटों पर और हम पार्टी एक सीट पर लीड कर रही है। गया में जीतनराम मांझी लगभग जीत चुके हैं। हालांकि, आधिकारिक घोषणा होना बाकी है। इस बीच गृह मंत्री अमित शाह ने हम संरक्षक जीतनराम मांझी को फोन कर जीत की बधाई दी है। साथ ही उन्होंने लोजपा (रा) चीफ चिराग पासवान से भी बात कर सभी सीटों पर शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी है। अमित शाह ने दोनों नेताओं को बुधवार को दिल्ली बुलाया है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में बुधवार को एनडीए की बड़ी बैठक होनी है।

बिहार के बेगूसराय से केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सीपीआई के अवधेश राय को दी मात : बेगूसराय लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार और मौजूदा सांसद गिरिराज सिंह ने एक बार फिर शानदार जीत दर्ज की है। गिरिराज सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सीपीआई के अवधेश राय 81,480 को मात से हरा दिया। गिरिराज सिंह को 6,49,331 मत प्राप्त हुए जबकि सीपीआई के अवधेश राय को 5,67,851 मत मिला। इस जीत के बाद गिरिराज सिंह ने अपनी जीत का सारा श्रेय जनता को दिया है।

मीसा को हराने के बाद रामकृपाल केंद्र सरकार में बने थे मंत्री, चौंकाने वाले आते रहे हैं परिणाम

पाटलिपुत्र में लालू की बेटी मीसा भारती जीतीं

AGENCY PATNA : पाटलिपुत्र लोकसभा सीट से आरजेडी प्रत्याशी और लालू प्रसाद की बड़ी बेटी मीसा भारती 88 हजार वोटों से चुनाव जीत गई हैं। बीजेपी प्रत्याशी रामकृपाल यादव यहां पिछले दो बार से मीसा भारती को यहां पराजीत कर रहे थे। मीसा भारती अपने चाचा रामकृपाल यादव से अन्ततः यह सीट वापस ले ली है।

परिसीमन के बाद बीजेपी का रहा है दबदबा : पटना लोकसभा सीट को पटना साहिब और पाटलिपुत्र में 2008 के परिसीमन में बांट दिया गया था। यहां एक जून को सातवें चरण में मतदान हुआ था।यहां मुख्य मुकाबला कभी लालू प्रसाद के हुनमान रहे

बीजेपी प्रत्याशी रामकृपाल यादव और लालू प्रसाद की बेटी मीसा बारती के बीच में है। मीसा भारती आरजेडी के टिकट पर चुनाव लड़ रही है।पाटलिपुत्र सीट ने हमेशा ही चौंकाने वाले नतीजे दिए हैं। परिसीमन के बाद पहली बार हुए लोकसभा चुनाव में 2009 में राजद के लालू प्रसाद यादव को जद-यू के रंजन प्रसाद ने हरा दिया था। लालू का परिवार इस सीट पर हमेशा ही हारा है। इसके बाद 2014 के चुनाव में आरजेडी ने मीसा भारती को अपना प्रत्याशी बनाया था। लेकिन वो हार गई थी। दरअसल, आरजेडी से टिकट नहीं मिलने पर रामकृपाल यादव ने पार्टी छोड़कर बीजेपी में चले गए थे। मीसा भारती को हराने पर केंद्र की मोदी सरकार ने रामकृपाल यादव को केंद्र सरकार में मंत्री पद से नवाजा था। लेकिन, 2019 में उनकी जीत का अंतर कम होने पर उन्हें मंत्री पद गंवाना पड़ा था। इस दफा पीएम मोदी से लेकर बीजेपी के कई बड़े नेताओं ने पाटलिपुत्र लोकसभा सीट पर रामकृपाल की जीत को पक्की करने के लिए सभा कर चुके हैं। इधर, आरजेडी प्रत्याशी मीसा भारती की जीत पक्की करवाने के लिए लालू परिवार से लालू प्रसाद, राबड़ी देवी तेजस्वी यादव के साथ साथ कांग्रेस के राहुल गांधी ने भी अपनी सभा की है। पाटलिपुत्र सीट ने हमेशा ही चौंकाने वाले परिणाम सामने आए हैं। यहां पर सबसे ज्यादा चार लाख यादव वोटर हैं। इसके बाद तीन लाख भूमिहार और एक लाख ब्राह्मण वोटर हैं। इस लोकसभा क्षेत्र में पौने दो लाख कुर्मी, इतने ही कोइरी और डेढ़ लाख मुस्लिम मतदाता हैं। रामकृपाल यादव और मीसा भारती के आमने सामने होने पर इस लोकसभा क्षेत्र के यादव होने से वोट बंट जाते हैं। अभी तक यहां रामकृपाल यादव को भाजपा के वोट बैंक का फायदा मिलता रहा है। जद-यू के समर्थक कुर्मी-कुशवाहा का वोट भी उनको मिलता रहा है। इधर, मीसा भारती को आरजेडी के परंपरागत वोटरों का साथ मिलता है।

सोनबरसा में हाइवा की चपेट में आकर महिला की मौत

